प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 24.07.2024

- **अपराध नियंत्रण की दिशा में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कानपुर देहात पुलिस को मिली एक और सफलता।**
- **थाना डेरापुर पुलिस की कार्यवाही से चोरी की घटना कारित करने वाले 02 नफर अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी किया गया 01 अदद पासबुक बडौदा यू०पी०बैंक, 01 अदद आधार व 20/- रुपए, 25 पाऊच करमचंद पान मसाला, 23 पाऊच SNK पान मसाला, 13 पाऊच केसर पान मसाला, 41 पाऊच तंबाकू व घटना में प्रयुक्त 03 अदद ताला तोड़ने के लोहे के औजार बरामद किये गये।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उप महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियंत्रण की दिशा में चोरी की घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 22.07.2024 को वादी श्री आशुतोष कुमार पुत्र श्री विनोद कटियार उर्फ अमित कटियार निवासी ग्राम संदन पुरवा थाना सिकंदरा जनपद कानपुर देहात हाल पता ग्राम भडपुरा थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात द्वारा दी गयी लिखित तहरीर के आधार पर थाना डेरापुर पर प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 0139/2024 धारा 331(4)/305 बीएनएस बनाम 02 नफर अभियुक्तगण पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए 01 नफर वांछित अभियुक्त 1.तिवारी नायक पुत्र सीताराम नायक निवासी ग्राम खिरवां थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात व विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन के आधार पर प्रकाश में आये 01 नफर अभियुक्त आकाश सचान पुत्र रामशरण सचान निवासी ग्राम कुसरजा पुर थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात को मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 24.07.2024 को सुबह लगभग 05.05 बजे खिरवां को जाने वाले कच्चे रास्ते से पहले लगभग 75 मी0 दूरी पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

पूंछताछ का विवरण- अभियुक्तगण ने पूंछताछ करने पर बताया कि साहब हम दोनों ने दिनांक 21-22/07/2024 की रात में भडपुरा गेस्ट हाउस में चोरी की थी, जिसमें 700/- रुपए तथा एक आधार कार्ड व एक पासबुक मिली थी। पैसे हम दोनों लोगों ने आपस में बांट लिए थे तथा पासबुक व आधार कार्ड हमारे पास थी जो अभी आपको हमारे पास से मिले हैं। पान मसाला के पाउच व सिक्के तथा पुरानी नोटों के संबंध में बताया कि यह

आज ही हम लोगों ने कस्बे के अंदर एक गुमटी का दरवाजा लोहे के औजारों से खोलकर पान मसाला व गुल्लक से पैसे निकाल लिए थे, जो अभी आपको हमारे पास से मिले है। गुमटी अंदर गली में है, जिसमें घूम-घाम कर गये थे, किस जगह है ठीक से हमें याद नहीं है तथा बरामद लोहे के औजारों से हम घरों व दुकानों के ताले तोड़ते हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. तिवारी नायक पुत्र सीताराम नायक निवासी खिरवां थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।
2. आकाश सचान पुत्र रामशरण सचान निवासी ग्राम कुसरजा पुर थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।

अभियुक्त तिवारी नायक उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 253/2022 धारा 380/457/411 भा0द0वि0 थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।
2. मु0अ0सं0 189/2022 धारा 380/457/411 भा0द0वि0 थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।
3. मु0अ0सं0 218/2022 धारा 380/457/411 भादवि, थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।
4. मु0अ0सं0 248/2022 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।
5. मु0अ0सं0 265/2022 धारा 380/457/411 भा0द0वि0 थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।
6. मु0अ0सं0 0139/2024 धारा 331(4)/305 बीएनएस थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।

अभियुक्त आकाश सचान का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 0139/2024 धारा 331(4)/305 बीएनएस थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।

अभियुक्तगण से बरामदगी का विवरण-

01 अदद पासबुक बडौदा यू०पी०बैंक, 01 अदद आधार कार्ड, 020/- रुपए, 25 पाऊच करमचंद पान मसाला, 23 पाऊच SNK पान मसाला, 13 पाऊच केसर पान मसाला, 41 पाऊच तंबाकू व 03 अदद ताला तोड़ने के लोहे के औजार।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 राहुल कुमार चौकी प्रभारी मुंगीसापुर थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।
2. हे0का0 139 रमेश कुमार थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।
3. का0 326 आनन्द सिंह थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।
4. का0 813 राजू पटेल थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।